एक नजर में

कॉलेज में लक्ष्मी ने किया पहला स्वैच्छिक रक्तदान



शाजापुर । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद ने जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड सेंटर में अपना पहला स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया. इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान महादान का संदेश देते हुए सभी स्वस्थ युवाओं से नियमित स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा विशेष रूप से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया. ब्लड सेंटर द्वारा लक्ष्मी पुष्पद को प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर मनाया जीत का जश्न

सोयतकलां । सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में स्टैंड पर जमकर आतिशबाजी की मिठाइयां बांटी गई. इस मौके पर आशिक अली काजी,गुड्डू कुरैशी, हरीश पटेल, हरिओम कुश्वाह, विष्णु राठौर, इब्राहिम मौलना, नितेश दांगी, लोकेश बैरागी सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद मौजूद थे.

नर्मदेश्वर महादेव का पंच मेवा से किया श्रृंगार

सोयतकलां, सावन के पहले सोमवार को माधव चौक स्थित नर्मदेश्वर मंदिर पर भक्तों का ताता लगा रहा. नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर पंचमेवा से श्रृंगार किया गया. रात 8 बजे महा आरती के बाद खीर का वितरण किया गया. इस प्रकार से नीलकंठ महादेव मंदिर का व पुराना पुलिस थाना मंदिर की पलकिया नगर के प्रमुख मार्गों पर निकली उड़ाघाट स्थित महादेव मंदिर पर आकर्षक श्रंगार किया. शिवलोक कल्याण समिति के सचिव ओम राठौड़ ने बताया कि 19वीं पैदल यात्रा उज्जैन महाकाल को 8 अगस्त को सुबह 8 बजे नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से उज्जैन के लिए रवाना होगी.

भोलेनाथ की भक्ति के नाम रहा सावन का पहला सोमवार

सूरज की पहली किरण के साथ शिवालय पहुंचे बाबा महादेव के भक्त

शाजापुर । श्रावण माह प्रारंभ होते ही शिव भक्तों का उत्साह चरम पर है और हर कोई महादेव की एक झलक पाने शिवालय पहुंच रहा है. नगर के महादेव मंदिरों में भी अलसुबह से भक्तों का तांता लगना शुरू हो चुका है. जहां भक्त मंदिर मे कतार लगाकर महादेव के दर्शन कर रहे हैं।

कहते हैं श्रावण माह महादेव का अतिप्रिय महीना होता है. मान्यता है कि इस दौरान जिसने महादेव की सच्ची भक्ति कर ली, महादेव उस पर मेहरबान हो जाते हैं. यही वजह है कि अलसुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ मंदिर में देखी जा रही है. खासकर श्रावण के सोमवार में महादेव के भक्त महादेव की भक्ति मे लीन रहते हैं. 30 जुलाई से श्रावण लगते ही शिव मंदिरों में तैयारियों का काम शुरू हो चुका था. कहीं रंग रोगन किया गया, तो कहीं पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई. इसके अलावा मंदिरों में साफ-सफाई भी की गई. वही सोमवार सुबह से ही महादेव का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया. जहां महादेव के मनोहारी स्वरूप को देखने भक्त सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे.

ब्रह्म मुहूर्त में शिवालय पहुंचे श्रद्धालु

शहर के प्रसिद्ध मंगलनाथ महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की कतारें लग गई थीं. अभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजन का क्रम दिनभर चलता रहा. इस दिन हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. वहीं ओंकारेश्वर महादेव, काशी विश्वनाथ, सोमेश्वर महादेव श्रीघाट महादेव और अन्य शिवालयों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया. पं. सुनील नागर ने बताया कि श्रावण का पहला सोमवार भक्तों के लिए विशेष फलदायक होता है. भगवान शिव की पूजा से मनोकामनाएं पूरी होती है. इस बार श्रावण में कुल चार सोमवार पड़ रहे हैं, जो शिव आराधना के लिए श्रेष्ठ माने जाते हैं. श्रावण माह के पहले सोमवार को लेकर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए. पुलिस बल मंदिरों के आसपास तैनात रहा. ताकि भक्तजन शांति और व्यवस्था के साथ दर्शन कर सकें.

महादेव ने दिए भक्तों को दर्शन

सुबह जहां श्रद्धालु कतार लगाकर मंदिरों में पहुंचे थे. वहीं शाम को महादेव अपने भक्तों से मिलने नगर भ्रमण पर निकले. शाम को नगर के शिवालय से महादेव शाही अंदाज में नगर भ्रमण पर पालकी में सवार होकर निकले, जिनके दर्शन के लिए उनके भक्त पलक-पावड़े बिछाकर उनकी राह देखते रहे ओर जैसे ही पालकी में सवार महादेव उनके सम्मुख पहुंचे, भक्तों ने दर्शन कर खुद को धन्य किया.

शुजालपुर सिटी में पालकी यात्रा, तो मंडी क्षेत्र में निकली कावंड यात्रा...

शुजालपुर। पवित्र सावन माह के चलते क्षेत्र में भगवान शिव की स्तुति जारी है, सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का जमावड़ा रहा. सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और भगवान का जलाभिषेक कर भोले बाबा के दर्शन किए. पौराणिक जटाशंकर महादेव मंदिर पर प्रात: भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा महाकाल का अभिषेक किया. साथ ही अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ, जो कि पूरे सावन माह जारी रहेगा. क्षेत्र स्थित राणोगंज, भोले डूंगरी, शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों पर भी दिनभर पूजा अर्चना और अभिषेक का क्रम चलता रहा. मंडी क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर से रामधुन यात्रा समिति ने सोमवार की सुबह नगर के प्रमुख मार्गो से कांवड़ यात्रा निकली, इस यात्रा में शामिल शिव भक्तों ने बाबा महाकाल के जयकारे लगाए. यह कांवड़ यात्रा जटाशंकर पहुंची, जहां पर भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई. वहीं श्री जयेश्वर महादेव भक्त मंडल वार्ड 2 किला द्वारा भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, यह यात्रा किला स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर सिटी के प्रमुख मार्गों से गुजरी. इस यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल का जयघोष करते हुए चल रहे थे. पालकी यात्रा में भगवान भोलेनाथ विशेष श्रृंगार किया गया. इस यात्रा का मार्ग भर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. साथ ही पालकी यात्रा में झांकी भी सजाई गई.

वीडियो वायरल करने के आरोप में तीन पर केस

मक्सी । मक्सी थाना में महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने, पीछा करने, धमकी देने एवं अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला ने शिकायत में बताया कि जुलाई माह के दौरान एक आरोपी उसके घर पहुंचा और उसके नाम से कथित वीडियो होने की बात कहकर उसे दिखाने का प्रयास किया. महिला द्वारा मना करने पर आरोपी ने कथित रूप से वीडियो गांव में वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी. शिकायत में यह भी कहा गया है कि बाद में दो अन्य आरोपी भी कई बार उसके घर के पहुंचे तथा उसे परेशान करते हुए अशोभनीय इशारे किए. साथ ही आरोपियों ने उसके नाम से एक अन्य महिला का वीडियो प्रसारित कर गांव में उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया. महिला ने घटना की जानकारी अपने पति और परिजनों को दी. इसके बाद मामला थाने पहुंचा. शिकायत के आधार पर मक्सी थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

टिकट का चक्रव्यूह : आकाओं की कृपा और उम्मीदवारों की तपस्या

बात शाजापुर की
मनोज पुरोहित

कांग्रेस में टिकट आकाओं की कृपा से मिलती है. आका मजबूत, तो टिकट की संभावना मजबूत. आका अर्श पर तो दावेदार भी अर्श पर. आका फर्श पर तो, दावेदार भी फर्श पर. शाजापुर कांग्रेस की राजनीति में एक बार फिर टिकट को लेकर चौसर बिछ चुकी है. हालांकि विधानसभा चुनाव में अभी दो साल का समय है, लेकिन दावेदारी की चर्चा शुरू हो गई है. बात अगर शाजापुर विधानसभा सीट की करें, तो कांग्रेस का टिकट पाने की रेस किसी महाकाव्य के एपिसोड से कम नहीं है. मैदान में पसीना बहाने वाले तो कई हैं, लेकिन असली खेल राजधानी में बैठे राजनीतिक आकाओं के दरबार में खेला जा रहा है. शाजापुर कांग्रेस के गलियारों में फिलहाल तीन ऐसे नाम चर्चा के केंद्र में हैं, जिनकी निगाहें जनता से ज्यादा अपने-अपने आकाओं की पलक-पावड़ों पर टिकी हैं. पहला नाम है पूर्व विधायक हुकुम सिंह कराड़ा का. इनका नाम आते ही शाजापुर की राजनीति में एक अलग ही गूंज सुनाई देती है. वे राजनीति के वो मंजे हुए खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मैदान की धूप-छांव बहुत करीब से देखी है. कराड़ा को टिकट की उम्मीद सिर्फ अपनी मेहनत पर नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक वजन पर है. वे मानते हैं कि अनुभव एक ऐसी पूंजी है, जो गूगल मैप्स पर भी नहीं मिलती. लेकिन राजनीति में कभी-कभी ज्यादा अनुभव भी जी का जंजाल बन जाता है. आकाओं के दरबार में जब चर्चा होती है, तो एक तरफ वफादारी का पलड़ा झुकता है, तो दूसरी तरफनई पौध को मौका देने का राग भी अलाप दिया जाता है. कराड़ा फिलहाल इसी असमंजस में हैं कि आकाओं की कृपा दृष्टि उन पर कब और कैसे बरसेगी, क्योंकि वे जानते हैं कि सियासत में पुराना रिश्ता हमेशा काम आए, यह जरूरी नहीं. दूसरे हैं रामवीर सिंह सिकरवार. इनका जोश देखने लायक है. टिकट की रेस में अपनी दावेदारी ठोकने के लिए उन्होंने पसीना बहाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. इनकी सबसे बड़ी उम्मीद आलाकमान के उन समीकरणों पर टिकी है. यदि दो की लड़ाई में कभी तीसरे का भला होगा. हालांकि उनकी राजनीतिक कर्मभूमि शुजालपुर है, लेकिन इस बार शुजालपुर में भी महेंद्र जोशी ताल ठोक रहे हैं. वैसे दोनों नेता अपनी राजनीति की दो-दो पारी खेल चुके हैं और अपने लोगों से ही स्टम्पिंग होकर आउट हुए हैं. अब देखना है कि इस बार शुजालपुर से दोनों में से किसे तीसरी पारी मिलती है या फिर कोई नया चेहरा आता है. तीसरा नाम है वीरेंद्र सिंह गोहिल का. गोहिल उन मंजे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों में से हैं, जो शोर कम मचाते हैं और पर्दे के पीछे अपनी गोटियां बैठाने में विश्वास रखते हैं. गोहिल की खूबी यह है कि वे हवा का रुख भांपकर ही कदम रखते हैं. उन्हें भरोसा है कि शाजापुर के समीकरण इस बार कुछ ऐसा मोड़ लेंगे, जहां उनकी शांत कूटनीति काम आएगी. इनके आकाओं से संबंध इतने गोपनीय और गहरे हैं कि किसी को भनक ही नहीं लगती कि अंदरखाने खिचड़ी कहां पक रही है. गोहिल को उम्मीद है कि जब बाकी दोनों दिग्गज आपस में उलझेंगे, तो आकाओं की मेहरबानी का सिक्का उन्हीं के पाले में गिरेगा. इस बार विधानसभा में टिकट के लिए एक और नाम हिलोरे मार रहा है, वो है कमल चौधरी. हालांकि कमल चौधरी का यूं तो कोई राजनीतिक आका नहीं है, लेकिन दूसरे के आकाओं पर बेताल बनकर टिकट की आस में लटके हुए हैं. हुकुमसिंह कराड़ा को दिग्विजय सिंह से उम्मीद है, तो वीरेंद्र सिंह गोहिल भी दिग्विजय सिंह की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं. अब देखना है कि शाजापुर विधानसभा में इस बार राजा के दो प्यादों में से किसे राजा का आशीर्वाद मिलता है. हालांकि राजा का आशीर्वाद हुकुमसिंह कराड़ा के साथ जगजाहिर है और शुरू से उनकी पसंद हुकुमसिंह रहे हैं. लेकिन इस बार वीरेंद्र सिंह दावा कर रहे हैं कि उन्हें राजा पसंद करेंगे. अब पसंद-नापसंद का यह अंतर आने वाले समय में पता चलेगा. मगर जैसी कांग्रेस की परंपरा रही है कि जिसे टिकट नहीं मिलता है, वो कांग्रेस की जड़ों में मट्ठा डालकर कमल को खिलाने में व्यस्त हो जाता है.

भाजपा में पॉवर सेंटरों की भरमार

शाजापुर जिला इन दिनों राजनीति का सबसे बड़ा पॉवर सेंटर बनकर उभरा है. भाजपा में एक के बाद एक पॉवर सेंटर जन्म ले रहे हैं. पहले जिले में इंदरसिंह परमार अकेले पॉवर सेंटर थे. फिर जिले की तीनों विधानसभा में भाजपा के विधायक अपने-अपने पॉवर सेंटर के पायलट बने. युवाओं की राजनीति में नया पॉवर सेंटर श्याम टेलर के रूप में उदय हुआ. बची कुची पॉवर सेंटर की कसर निगम अध्यक्ष के रूप में पंकज जोशी से पूरी हो गई. अब देखना है कि आने वाले समय में कोई नया पॉवर सेंटर जन्म लेता है या फिर यही पॉवर सेंटर कायम रहेंगे.

अंत में...

राजनीति में किस पर भरोसा करूं. शहर के नेताओं के बीच उठा-बैठा हूं...

करोड़ों की गौशाला, फिर भी सड़कों पर मौत का पहरा

लगातार प्रकाशित खबरों के बाद भी जिम्मेदार बेखबर

सोयतकलां । आगर मालवा जिले में निराश्रित गोवंश की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है. करोड़ों रुपये खर्च कर गौशालाओं का निर्माण किया गया। शासन द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी यही है कि जिले की प्रमुख सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों, कस्बों और गांवों में बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम बैठा और घूमता दिखाई देता है।

इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से कई बार प्रकाशित किया गया. खबरों में चेतावनी दी गई थी कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क हादसे लगातार बढ़ेंगे. लेकिन दुर्भाग्य से स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और खबर प्रकाशित होने के अगले ही दिन सालिया खेड़ी में गोवंश को बचाने के प्रयास में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस अभियान दिखाई नहीं दिया. आज भी इंदौर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले की कई प्रमुख सड़कों पर दिन.रात गोवंश बैठा रहता है. बारिश और अंधेरे के दौरान यह समस्या और भी भयावह हो जाती है. वाहन चालकों को समय पर गोवंश दिखाई नहीं देताए जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. कई मामलों में बेजुबान गोवंश की मौके पर ही मौत हो जाती है, वहीं कई लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं. सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिले में गौशालाओं के संचालन पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं तब भी गोवंश आखिर सड़कों पर क्यों भटक रहा है. क्या गौशालाओं की क्षमता कम है, या फिर जिम्मेदार विभागों की लापरवाही इस समस्या की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है।

जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे प्रश्न...

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बैठकों में निर्देश तो दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर उनका असर दिखाई नहीं देता. यदि समय रहते नगर परिषद, ग्राम पंचायत, पशुपालन विभाग और राजस्व विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश को सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाया होता तो कई दुर्घटनाओं और बेजुबान पशुओं की मौत रोकी जा सकती थी.

मक्सी में युवक महासंघ की बैठक में कई निर्णय

क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रवि पांडे भी हुए शामिल

मक्सी । मक्सी जैन तीर्थ में अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ की बैठक संपन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भारत सरकार सुनील सिंघी रहे.भगवान पार्श्वनाथ के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ बैठक प्रारंभ हुई. संगीतकार शांतिलाल कोठारी द्वारा नवकार महामंत्र गायन हुआ।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दसेड़ा जावरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया.अध्यक्षीय संबोधन में महासंघ की आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया गया. आगामी अक्टूबर माह में राष्ट्रीय सेमिनार श्री केसरिया जी तीर्थ में होने की घोषणा की.पर्यावरण हित में 15 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम के तहत पूरे देश में पौधारोपण करने की बात कही.बैठक में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रवि पांडे ने भी संबोधित किया. मुख्य अतिथि सुनील सिंघी ने महासंघ के बारे में बताया कि संगठन आज पूरे मध्य प्रदेश के साथ ही संपूर्ण भारत में अपना कार्य कर रहा है.भारत सरकार द्वारा नए उद्यमों एवं व्यापार के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी. अपने चालीस मिनट के भाषण में सिंघी ने महासंघ के विस्तार और सुचारू कार्य करने पर जोर दिया. मंच पर बैठे अतिथियों ने उपस्थित सभी जिलों के पदाधिकारियों से अपनी राय एवं परामर्श किया.कार्यक्रम संयोजक सपन जैन शाजापुर द्वारा आभार प्रकट किया गया. इस अवसर पर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, मक्सी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, एल्डरमैन कृष्णालाल भावसार, एल्डरमैन दिलीप आरोल, हंसराज जैन सहित विभिन्न जिलों से आए युवक महासंघ के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे.बैठक के पश्चात सभी अतिथि स्व शांतिलाल संघवी के निधन पर निवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दतिया में कांग्रेस की जीत पर शुजालपुर में जश्न

शुजालपुर । दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की 6016 मतों से जीत पर शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुजालपुर मंडी के टेम्पो चौराहे एवं काली माता मंदिर परिसर में आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और जीत का जश्न मनाया. इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत पर खुशी जताई. कार्यक्रम में रामवीर सिंह सिकरवार, गजेन्द्र सिसोदिया, सागर परमार, अचल सिंह मेवाड़ा, अशोक परमार, जयंत सिकरवार, बल्ला सोनी, अशोक अग्रवाल, महेंद्र नाहर, राजू दरबार, रईस पठान, हसन रजा कुरैशी, चिराग परमार, विष्णु शर्मा, गौरव परमार, विक्रम सिंह, अरविंद सिंह देवड़ा, मनोहर जाटव, भोजराज परमार, बसंत गुप्ता, मुनीम खान, जसमत परमार, अनिल अग्रवाल, संजय बरेठा, अकरम खान, अनिल सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

पेंशनरों ने मंत्री परमार का किया सम्मान

शुजालपुर । मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्षों से लंबित धारा 49(6) को विलोपित कर प्रदेश के लाखों पेंशनरों की महत्वपूर्ण मांग स्वीकार किए जाने पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा शुजालपुर जिला शाजापुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार का सम्मान किया.

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय शुजालपुर में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमदास बैरागी के नेतृत्व में पेंशनरों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया. इस दौरान पेंशनरों ने धारा 49(6) को विलोपित करने के शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के लाखों पेंशनरों के हित में लिया गया सराहनीय कदम बताया तथा मंत्री परमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में रामबाबू पाटिल, यादव सिंह परमार, चंद्रशेखर भार्गव, मनोहर परमार, दरियाव सिंह मालवीय, प्रहलाद सिंह परमार, शंकरलाल परमार,मनोहरलाल विश्वकर्मा, दीनबंधु कश्यप, राजबहादुर लेवे, भारत सिंह देशवाली, बद्रीलाल मीणा, भागीरथ सिसोदिया, जनक जोशी, शिवनारायण बकोदिया, किशोरीलाल बकोदिया, रमेशचंद्र परमार, घनश्याम शर्मा, ओमप्रकाश सक्सेना, हक्केराम जाटव, हरिदास कोरी, हरिसिंह परमार, प्रदीप व्यास, करण सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर उपस्थित रहे.

एक नजर में डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रॉय के रसायन विज्ञान में योगदान विषय पर व्याख्यान आयोजित

डॉ. रॉय एक वैज्ञानिक ही नहीं, वे दूरदर्शी शिक्षाविद् भी रहे : डॉ. बोड़ाने

शाजापुर । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ एवं विज्ञान क्लब के तत्वावधान में भारत के महान वैज्ञानिक एवं रसायनशास्त्री डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रॉय के जन्म दिवस एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रॉय के रसायन विज्ञान में योगदान, विषय पर एक प्रभावी, प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने की.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र रहे. अपने व्याख्यान में डॉ. बोड़ाने ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय रसायन विज्ञान के जनक माने जाने वाले डॉ. प्रफुल्ल चंद्रे के जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों, शोध कार्यों तथा भारतीय रासायनिक उद्योग के विकास में उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि डॉ.रॉय ने विज्ञान को समाज और राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए स्वदेशी उद्योगों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया तथा भारतीय वैज्ञानिक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. डॉ.बोडाने ने कहा कि डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रॉय केवल एक महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शिक्षाविद्, राष्ट्रभक्त एवं समाज सुधारक भी थे. उनके कार्य आज भी युवाओं और शोधार्थियों को नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान का अध्ययन कर विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया. अन्य विशिष्ट वक्ताओं में प्रो.प्रकाश बर्फा सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं डॉ.प्रवीण कुमरावत सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने भी डॉ.रॉय के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किए. भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने स्वागत उद्बोधन दिया.

कार्यक्रम का संचालन डॉ.दिलीप माहेश्वरी तथा अंत में ने आभार प्रो.प्रिया जोशी द्वारा व्यक्त किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सामाजिक समरसता एकता मंच ने किया सुंदरकांड का पाठ

शुजालपुर । उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार के बीटीआई स्थित कार्यालय परिसर में सामाजिक समरसता एकता मंच की ओर से उनके कार्यालय परिसर में भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीहनुमान की आराधना की. आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे. सुंदरकांड पाठ के समापन पर आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया. इस दौरान सामाजिक समरसता एवं धार्मिक एकता का संदेश भी दिया गया.